जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2016–17 / 81)**

दिनांक : 10.05.2016

## <u>डिब्बों में अस्थाई बढोतरी</u>

### *<u>03 गाडियों में बढाये शयनयान डिब्बे</u>*

रेलवे प्रशासन द्वारा लम्बी प्रतिक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 03 रेलसेवाओं में 01 द्वितीय शयनयान डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार :–

1. गाड़ी संख्या 19613 / 19612, अजमेर–अमृतसर–अजमेर द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस अजमेर से दिनांक 11.05.16 को एवं अमृतसर से दिनांक 12.05.16 को 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः लुधियाना, हिसार, भिवानी, रेवाडी, अलवर, बांदीकुई एवं अन्य स्टेशनो के यात्रियों को द्वितीय शयनयान श्रेणी की 72 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।
2. गाडी संख्या 19609 / 19610, अजमेर–हरिद्वार–अजमेर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस में अजमेर से दिनांक 12.05.16 को एवं हरिद्वार से दिनांक 13.05.15 को 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः जयपुर, अलवर, दिल्ली एवं अन्य स्टेशनो के यात्रियों को द्वितीय शयनयान श्रेणी की 72 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।
3. गाडी संख्या 59801 / 59802, कोटा–जयपुर–रतलाम एक्सप्रेस में कोटा से दिनांक 10.05.16 को एवं जयपुर से दिनांक 11.05.16 को 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः कोटा, सवाईमाधोपुर, वनस्थली निवाई एवं अन्य स्टेशनो के यात्रियों को द्वितीय शयनयान श्रेणी की 72 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

*<u>उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में मार्च माह तक 12719 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।</u>*

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**<u>नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।</u>**